599. निम्नलिखित में से किस विद्वान के अनुसार राजपूतों की उत्पत्ति अग्निकुण्ड से हुई थी?
(a) श्री गौरीशंकर ओझा (b) डॉ. गोपीनाथ शर्मा
(c) कवि चन्दबरदाई (d) डॉ. दशरथ शर्मा
पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – राजपूतों की उत्पत्ति का अग्निकुल का सिद्धान्त चंदबरदाई के पृथ्वीराजरासो से आया है। इस सिद्धांत के अनुसार राजपूत माउंट आबू के गुरु शिखर में ऋषि वशिष्ठ द्वारा किए गये यज्ञ का परिणाम थे।

600. राजस्थानी साहित्य में 'पवाड़ा' क्या है?
(a) गद्य के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक अलंकार।
(b) बहादुरों के विशेष कार्य का वर्णन करने वाली रचना।
(c) इसका प्रयोग साहित्य में 'श्रृंगार रस' के लिए किया जाता है।
(d) व्युत्पत्ति संवर्ग के लिए प्रयुक्त शब्द।
मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (b) – राजस्थानी साहित्य में 'पवाड़ा' बहादुरों के विशेष कार्य का वर्णन करने वाली रचना है। इस साहित्यिक रचना का वर्तमान संस्करण राजस्थान की 15 मुख्य भाषाओं में से हिन्दी और भीली/भिलोदी में प्रकाशित किया जा रहा है।

601. 'ढोला मारू री वात' किसके द्वारा लिखी गई थी-
(a) नयनचन्द्र सूरी (b) खुशाल चन्द्र
(c) बप्पा भट्टी सूरी (d) श्रृंगार देवी
Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (b) – ''ढोला मारू री वात'' 11वीं शताब्दी में रचित एक लोक भाषा-काव्य है। यह मूल दोहों में रचित इस काव्य को 17वीं शताब्दी में खुशालचन्द्र ने कुछ चौपाईयों को जोड़कर विस्तार दिया इसमें राजकुमार ढोला और राजकुमारी मारु की प्रेमकथा का वर्णन है।

602. 'प्रबन्ध कोष' नामक पुस्तक का लेखक कौन है-
(a) राजशेखर (b) कान्हड़देव
(c) नैणसी (d) हेमचन्द्र सूरी
Complier Exam -2016
Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (a) – प्रबंधकोष की रचना राजशेखर ने की थी। इसकी रचना संस्कृत भाषा में की गई है। प्रतिहार वंश के शासक महेन्द्रपाल प्रथम तथा महीपाल प्रथम की राजसभा में राजशेखर निवास करते थे। राजशेखर ने प्रबंधकोष के अतिरिक्त कर्पूरमंजरी, काल मीमांक्षा, विद्वशालभंजिका आदि ग्रंथें की रचना की।

603. पुस्तक 'वीर विनोद' किसके द्वारा लिखी गई थी-
(a) सूर्यमल मिश्रण (b) केसरी सिंह बारहठ
(c) श्यामल दास (d) गौरी शंकर ओझा
Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (c) – पुस्तक 'वीर विनोद' की रचना श्यामल दास ने की। मेवाड़ के इतिहास के साथ-साथ राजस्थान के इतिहास की जानकारी के लिए यह एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है। मेवाड़ के तत्कालीन महाराणा शंभूसिंह के कहने पर श्यामल दास ने 1871ई. में यह पुस्तक लिखनी शुरू की जो 1892 ई. के आसपास तैयार हुआ। महाराणा ने उनको 'कविराजा' की उपाधि से विभूषित किया जबकि ब्रिटिश सरकार ने 'कैसर-ए-हिन्द' की उपाधि प्रदान की।

604. निम्न में से कौन राजतरंगिणी का लेखक है?
(a) कल्हण (b) कबीर
(c) राणा कुम्भा (d) राणा सांगा
कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – राजतरंगिणी कल्हण द्वारा रचित एक संस्कृत ग्रंथ है जिसकी रचना 1148 ई. से 1150 ई. के बीच की गयी। यह ग्रन्थ कश्मीर के इतिहास पर आधारित है। यह ग्रन्थ संस्कृत में ऐतिहासिक घटनाओं के क्रमबद्ध इतिहास लिखने का प्रथम प्रयास है। इसमें आदिकाल से लेकर 1151 ई. के आरम्भ तक कश्मीर के प्रत्येक शासक के काल की घटनाओं का वर्णन है।

605. ''ललित ललाम'' ग्रंथ के लेखक कौन है?
(a) मतिराम (b) लालराम
(c) बिहारी लाल (d) नन्दराम
RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (a) : ''ललित ललाम'' रीति काल के प्रसिद्ध लेखक मतिराम द्वारा रचित ग्रन्थ है। मतिराम बूंदी (राजस्थान) के महाराज भाव सिंह के दरबार में बहुत समय तक रहे और उन्हीं के आश्रय में अपना 'ललित ललाम' नामक अलंकार ग्रन्थ संवत् 1716 और 1745 ई. के बीच किसी समय रचा था।
● 'रसराज' और 'ललित ललाम' मतिराम के दो ग्रन्थ बहुत प्रसिद्ध है क्योंकि रस और अलंकार की शिक्षा में इनका उपयोग होता आया है।

606. निम्न में से कौन राजस्थानी काव्य 'भरतेश्वर बाहुबली घोर' के रचयिता है?
(a) चन्दबरदाई (b) शिवदास
(c) कृपाराम (d) वज्रसेन सूरी
RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022

Ans. (d) : राजस्थानी काव्य 'भरतेश्वर बाहुबली घोर' के रचयिता कवि वज्रसेन सूरी है। कवि चन्दबरदाई ने 'पृथ्वीराजरासो' नामक ग्रंथ की रचना की थी।

607. निम्न में से कौन 'शूद्र मुक्ति' पुस्तक के लेखक है?
(a) अर्जुन लाल सेठी (b) प्रताप सिंह
(c) जमनालाल बजाज (d) सागरमल गोपा
RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022

Ans. (a) : 'शूद्र मुक्ति' नामक पुस्तक की रचना राजस्थान के प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी अर्जुन लाल सेठी ने की थी। इनकी अन्य रचनाएँ 'स्त्री मुक्ति' और 'महेन्द्र कुमार' है। अर्जुन लाल सेठी का जन्म राजस्थान के जयपुर में सितम्बर 1880 ई. में हुआ था। मृत्यु दिसम्बर 1941 ई. में हुआ था।

608. पद्मगुप्त द्वारा रचित ग्रंथ का नाम था–
(a) काव्यमीमांसा (b) विक्रमांकदेव चरित
(c) कथासरित्सागर (d) नवसाहसांक चरित
Pradhyapak School Siksha 2011

Ans. (d) : नवसाहसांक चरित परमार दरबारी कवि पद्मगुप्त द्वारा लिखी गई है। यह ग्रंथ परमार राजा सिंधुराज के कीर्तिमानों की कल्पना है, जिन्होंने नवसाहसांक की उपाधि धारण की थी।

609. 'हरकेलि' संस्कृत नाटक के रचयिता कौन हैं?
(a) अजयराज चौहान (b) विग्रहराज प्रथम
(c) विग्रहराज चतुर्थ (d) पृथ्वीराज चौहान
RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (c) : हरकेलि संस्कृत नाटक के रचयिता विग्रहराज चतुर्थ है। यह नाटक भारवि के किरातार्जुनीयम् पर आधारित है।

610. दादू पंथ का साहित्य किस भाषा में संगृहीत है?
(a) मारवाड़ी (b) बागड़ी
(c) मेवाती (d) ढूंढाड़ी
RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015